दिनांक 24-7-2024 को पुत्रवधु को डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले ससुर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दिनांक 23/07/2024 को थाना सहसपुर पर सहसपुर निवासी एक महिला द्वारा लिखित सूचना दी गई कि उसके ससुर ने उसे डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा उसके पति आसिफ अली व ससुर के द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की गई, प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना सहसपुर पर मु0अ0सं0- 219/ 2024 धारा 64/85/115(2) भारतीय न्याय संहिता पंजीकृत किया गया है।

घटना के गंभीरता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा दिए गए निर्देशों पर प्रभारी निरीक्षक सहसपुर द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया, गठित पुलिस टीम के द्वारा आज दिनांक 24/07/2024 को वादनो के ससुर अभियुक्त असगर को सहसपुर से अंतर्गत धारा 64/85/115(2) भारतीय न्याय संहिता में गिरफ्तार किया गया है।

नाम पता अभियुक्त गण

1-असगर निवासी केदार वाला, थाना सहसपुर, देहरादून